कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
हिमाचल प्रदेश, गॉर्टन कैसल
शिमला - 171 003

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

Office of the Principal Accountant General (Audit)
Himachal Pradesh,
Gorton Castle, Shimla-171 003

परिपत्र (प्रशासन)

विषय: संशोधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत SAS/RA/CPD-I, II एवं III परीक्षा-I, 2026 के आयोजन के संबंध में तथा परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन की सूचना ।

मुख्यालय के परिपत्र संख्या 06 of 2026 दिनांक 25.05.2026 तथा पत्र संख्या 478/08-Exam/SAS Etc. Exam/2026/Vol.-I दिनांक 01.06.2026 के अंतर्गत संशोधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत SAS/RA/CPD-I, II एवं III परीक्षा-I, 2026 का आयोजन दिनांक **22.06.2026 से 27.06.2026** तक किया जाना निर्धारित है।

2 . संशोधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत छह **(06) शाखाओं** से संबंधित कुल **20 प्रश्न-पत्र** निर्धारित किए गए हैं तथा प्रत्येक अभ्यर्थी को चार-चार प्रश्न-पत्रों के दो समूहों में कुल 08 प्रश्न-पत्र उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। नव-समाविष्ट प्रश्न-पत्र PC-12, PC-13, PC-14, PC-15 एवं PC-16 संबंधित शाखाओं के अभ्यर्थियों हेतु अनिवार्य होंगे।

3. नवीन SAS अभ्यर्थियों हेतु प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कुल उत्तीर्णांक **(Overall Qualifying Percentage) 50 प्रतिशत**, तथा Minimum Sectional Qualifying Percentage **40 प्रतिशत** तथा प्रत्येक प्रश्न-पत्र में छूट (**Exemption**) प्राप्त करने हेतु **न्यूनतम अंक 60 प्रतिशत निर्धारित किए गए हैं।** ऐसी छूट की वैधता अधिकतम तीन (03) वर्ष तक सीमित रहेगी।

4. मुख्यालय के ई-मेल दिनांक 10.06.2026 के माध्यम से सूचित किया गया है कि SAS/RA/CPD-I, II एवं III परीक्षा-I, 2026 के संबंध में ऑनलाइन पंजीकरण एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों की अंतिम तिथि दो दिवस के लिए बढ़ा दी गई है। अतः जिन पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उक्त परीक्षा हेतु अभी तक आवेदन नहीं किया गया है, वे दिनांक **11.06.2026 को रात्रि 11:59 बजे तक** अपना ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें।

5. इसके अतिरिक्त, यह भी सूचित किया गया है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा SAS/RA/CPD-I, II एवं III परीक्षा-I, 2026 हेतु परीक्षा केन्द्र को **शिमला से परिवर्तित कर दिल्ली/नोएडा निर्धारित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। तदनुसार उक्त परीक्षा का आयोजन** आदर्श परीक्षा केन्द्र (AADARSH PARIKSHA KENDRA), सेक्टर-80, नोएडा **में किया जाएगा।**

सभी पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त निर्देशों का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

यह परिपत्र उप महालेखाकार (प्रशासन)के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

11/06

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन)

क्रमांक:- प्रशा०/ले०प०/एस०ए०एस०/रा०ले०प०/सी०पी०डी०-I, II एवं III/I/1475181/2026
दिनांक: 11-06-2026

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, प्रधान महालेखाकार।
2. निजी सहायक, सभी समूह अधिकारी।
3. कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय), चण्डीगढ़ – इस कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों की सूचना हेतु।
4. प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारी (ई-मेल के माध्यम से)।
5. कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी (आधिकारिक ई-मेल आईडी के माध्यम से)।